# Haryana Government Gazette

## EXTRAORDINARY

Published by Authority


© Govt. of Haryana

No. 76-2026/Ext.] CHANDIGARH, TUESDAY, MAY 19, 2026 (VAISAKHA 29, 1948 SAKA)

**हरियाणा सरकार**

अभिलेखागार विभाग

**अधिसूचना**

दिनांक 19 मई, 2026

**संख्या 2/13–2019/721.–** भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा, हरियाणा अभिलेखागार विभाग (ग्रुप ख) सेवा नियम, 1992 को आगे संशोधित करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:–

**1.** (1) ये नियम हरियाणा अभिलेखागार विभाग (ग्रुप ख) सेवा (संशोधन) नियम, 2026 कहे जा सकते हैं।

(2) ये नियम इनके राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे।

**2.** हरियाणा अभिलेखागार विभाग (ग्रुप ख) सेवा नियम, 1992 (जिन्हें, इसमें, इसके बाद उक्त नियम कहा गया है) में, नियम 2 में खण्ड (छ) में, उप–खण्ड (ii) का लोप कर दिया जाएगा।

**3.** उक्त नियमों में, नियम 4 में, उप–नियम (1) के स्थान पर, निम्नलिखित उप–नियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

"(1) किसी भी व्यक्ति को सेवा में किसी भी पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा, जब तक वह निम्नलिखित न हो, –

(क) भारत का नागरिक; या

(ख) नेपाल की प्रजा; या

(ग) भूटान की प्रजाः

परन्तु खण्ड (ख) या (ग) से संबंधित किसी प्रवर्ग का व्यक्ति, ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पक्ष में सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण–पत्र जारी किया गया हो।"।

**4.** उक्त नियमों में, नियम 14 के स्थान पर, निम्नलिखित नियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

"14. अनुशासन, शास्तियां तथा अपीलें.– (1) अनुशासन, शास्तियों तथा अपीलों से संबंधित मामलों में, सेवा के सदस्य, समय–समय पर, यथा संशोधित हरियाणा सिविल सेवा (दण्ड तथा अपील) नियम, 2016 द्वारा शासित होंगेः

परन्तु ऐसी शास्तियों का स्वरुप, जो लगाई जा सकती हैं, ऐसी शास्तियां लगाने के लिए सशक्त प्राधिकारी तथा अपील प्राधिकारी भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के अधीन बनाई गई किसी विधि या नियमों के उपबंधों के अधीन रहते हुए वे होंगे, जो इन नियमों के परिशिष्ट ग में विनिर्दिष्ट हैं।

(2) हरियाणा सिविल सेवा (दण्ड तथा अपील) नियम, 2016 के नियम 9 के खण्ड (ग) या खण्ड (घ) या खण्ड (च) के अधीन आदेश पारित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी तथा अपील प्राधिकारी भी वह होगा, जो इन नियमों के परिशिष्ट घ में यथा विनिर्दिष्ट है।"।

**5.** उक्त नियमों में, परिशिष्ट क, ख, ग तथा घ के स्थान पर, निम्नलिखित परिशिष्ट प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्:–

''परिशिष्ट क

*(देखिए नियम 3)*

| क्रम संख्या | पदनाम | पदों की संख्या | वेतनमान |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सहायक निदेशक | 4 | वृत्तिमूलक वेतन स्तर–7, सैल–। = 44900/–रूपए |

परिशिष्ट ख

*(देखिए नियम 7)*

| क्रम संख्या | पदनाम | सीधी भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यताएं तथा अनुभव हो | सीधी भर्ती से अन्यथा नियुक्ति के लिए शैक्षणिक योग्यताएं तथा अनुभव, |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | सहायक निदेशक | (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से इतिहास में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर (एम0 ए0);<br>(ii) अभिलेख अभिरक्षण में डिप्लोमा या अभिलेखीय अध्ययन में डिप्लोमा या अभिलेख और रिकार्ड प्रबन्धन में डिप्लोमा या इसके समकक्ष;<br>(iii) किसी सरकारी विभाग या विश्वविद्यालय या संस्थान में अभिलेखीय कार्य का तीन वर्ष का अनुभव, किन्तु सहायक अभिलेखपाल या इसके समतुल्य पद से नीचे का न हो; तथा<br>(iv) मैट्रिक में एक विषय के रूप में हिन्दी या संस्कृत अथवा उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिंदी | पदोन्नति द्वारा–<br>(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से इतिहास में स्नातकोत्तर (एम0 ए0);<br>(ii) अभिलेख अभिरक्षण में डिप्लोमा या अभिलेखीय अध्ययन में डिप्लोमा या अभिलेख और रिकार्ड प्रबन्धन में डिप्लोमा या इसके समकक्ष;<br>(iii) नियमित नियुक्ति के बाद अभिलेखपाल के रूप में तीन वर्ष का अनुभव;<br>अथवा<br>सहायक अभिलेखपाल के रूप में पांच वर्ष का अनुभव;<br>स्थानांतरण या प्रतिनियुक्ति द्वारा–<br>(i) सहायक निदेशक के रूप मे एक वर्ष का अनुभव;<br>(ii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से इतिहास में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर (एम0 ए0);<br>(iii) अभिलेख अभिरक्षण में डिप्लोमा या अभिलेखीय अध्ययन में डिप्लोमा या अभिलेख और रिकार्ड प्रबन्धन में डिप्लोमा या इसके समकक्ष;<br>(iv) मैट्रिक में एक विषय के रूप में हिन्दी या संस्कृत अथवा उच्चतर शिक्षा में एक विषय के रूप में हिंदी। |

परिशिष्ट ग

*देखिए नियम 14(1)*

| क्रम संख्या | पदनाम | नियुक्ति प्राधिकारी | शास्ति का स्वरूप | शास्ति लगाने के सशक्त प्राधिकारी | अपीलीय प्राधिकारी | द्वितीय तथा अंतिम अपील प्राधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सहायक निदेशक | सरकार | **(i) छोटी शास्तियां–** हरियाणा सिविल सेवा (दण्ड तथा अपील) नियम, 2016 में यथा विहित। | निदेशक | प्रशासकीय सचिव | सरकार |
| | | | **(ii) बड़ी शास्तियां–** हरियाणा सिविल सेवा (दण्ड तथा अपील) नियम, 2016 में यथा विहित। | प्रशासकीय सचिव | सरकार | – |

परिशिष्ट घ

*देखिए नियम 14(2)*

| क्रम संख्या | पदनाम | शास्ति का स्वरूप | शास्ति लगाने के सशक्त प्राधिकारी |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सहायक निदेशक | (i) पेंशन को शासित करने वाले नियमों के अधीन अनुज्ञेय पेंशन की राशि में कमी करना या रोकना;<br>(ii) सेवा की समाप्ति; तथा<br>(iii) सेवा के सदस्य की अधिवर्षिता की आयु पूरी होने से पूर्व लोकहित में समयपूर्व सेवानिवृत्ति। | सरकार ।''। |

डॉ. साकेत कुमार,
आयुक्त एवं सचिव, हरियाणा सरकार,
अभिलेखागार विभाग।

**HARYANA GOVERNMENT**

ARCHIVES DEPARTMENT

**Notification**

The 19th May, 2026

**No. 2/13-2019/721.—** In exercise of the powers conferred under the proviso to article 309 of the Constitution of India, the Governor of Haryana hereby makes the following rules further to amend the Haryana Archives Department (Group-B) Service Rules, 1992, namely: -

**1.** (1) These rules may be called the Haryana Archives Department (Group-B) Service (Amendment) Rules, 2026.

(2) They shall come into force from the date of their publication in the Official Gazette.

**2.** In the Haryana Archives Department (Group-B) Service Rules, 1992, (hereinafter called the said rules), in rule 2, in clause (g), sub-clause (ii) shall be omitted.

**3.** In the said rules, in rule 4, for sub-rule (1), the following sub-rule shall be substituted, namely: -

"(1) No person shall be appointed to any post in the Service, unless he is-

(a) a citizen of India; or

(b) a subject of Nepal; or

(c) a subject Bhutan:

Provided that a person belonging to any of the categories at clauses (b) or (c) shall be a person in whose favor a certificate of eligibility has been issued by the Government.".

**4.** In the said rules, for rule 14, the following rule shall be substituted, namely: -

"14. Discipline, penalties and appeals: -

(1) In the matters relating to discipline, penalties and appeals, the members of the Service shall be governed by the Haryana Civil Services (Punishment and Appeal) Rules, 2016 as amended from time to time:

Provided that the nature of penalties, which may be imposed, the authority empowered to impose such penalties and the appellate authority shall, subject to the provisions of any law or rules made under article 309 of the Constitution of India, be such as specified in Appendix- C to these rules.

(2) The authority competent to pass an order under clause (c) or clause (d) or clause (f) of rule 9 of the Haryana Civil Services (Punishment and Appeal) Rules, 2016 and appellate authority shall be such as specified in Appendix-D to these rules.".

**5.** In the said rules, for Appendixes A, B, C and D, the following Appendixes shall be substituted, namely: -

"Appendix-A

*(See rule 3)*

| **Serial Number** | **Designation of post** | **Number of posts** | **Scale of Pay** |
|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** |
| 1. | Assistant Director | 4 | FPL 7, Cell-1 = Rs. 44,900/- |

Appendix-B

*(See rule 7)*

| **Serial Number** | **Designation of post** | **Academic qualifications and experience, if any, for direct recruitment** | **Academic qualifications and experience, if any, for appointment other than by direct recruitment** |
|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** |
| 1. | Assistant Director | (i) M.A., second division, in History from a recognised University;<br>(ii) Diploma in Archives Keeping or Diploma in Archival Studies or Diploma in Archives and Record Management or its equivalent; | By promotion: -<br>(i) M.A. in History from a recognised University;<br>(ii) Diploma in Archives Keeping or Diploma in Archival Studies or Diploma in Archives and Record Management or its equivalent; |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (iii) Three years' experience in archival work in a Government Department or University or any institution dealing with archival work but not below the rank of Assistant Archivist or its equivalent; and<br>(iv) Hindi or Sanskrit as one of the subjects in Matric or Hindi as one of the subjects in Higher Education. | (iii) Three years' experience as an Archivist;<br>Or<br>Five years' experience as Assistant Archivist on a regular post after appointment;<br>By Transfer/Deputation: -<br>(i) One year's experience as Assistant Director;<br>(ii) M.A., second division, in History from a recognised University;<br>(iii) Diploma in Archives Keeping or Diploma in Archival Studies or Diploma in Archives and Record Management or its equivalent; and<br>(iv) Hindi or Sanskrit as one of the subjects in Matric or Hindi as one of the subjects in Higher Education. |

Appendix-C

*(See rule 14(1))*

| **Serial Number** | **Designation of post** | **Appointing authority** | **Nature of penalty** | **Authority empowered to impose penalty** | **Appellate authority** | **Second and final appellate authority** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** |
| 1. | Assistant Director | Government | (i) Minor penalties-<br>As prescribed in the Haryana Civil Services (Punishment and Appeal) Rules, 2016;<br>(ii) Major penalties-<br>As prescribed in the Haryana Civil Services (Punishment and Appeal) Rules, 2016. | Director<br><br>Administrative Secretary | Administrative Secretary<br><br>Government | Government<br><br>- |

Appendix-D

*(See rule 14(2))*

| **Serial Number** | **Designation of post** | **Nature of penalty** | **Authority empowered to impose penalty** |
|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** |
| 1. | Assistant Director | (i) Reduction or withholding of the amount of pension admissible under the rules, governing pension;<br>(ii) Termination of Service;<br>(iii) Premature retirement from the service of the member of service in public interest before attaining the age of superannuation. | Government.”. |

DR. SAKET KUMAR,
Commissioner and Secretary to Government Haryana.
Archives Department.

12635—C.S.—H.G.P., Pkl.